अपने उम्मीदवार खड़ा करने का एलान किया है। एक साल पहले वर्ष 2019 में हुए लोस चुनाव में जेडीयू, भाजपा
चुनाव में कई रैलियां करने वाले हैं। इन रैलियों की शुरुआत 23 अक्टूबर से होगी। सूत्रों का कहना है कि राहुल हर
रणदीप सुरजेवा जैसे खास रण

SEM-3, Sc-302, By- Dr. Shyam Bihari Choudhary

TOPIC- AIR POLLUTION : Next Sources By Human Activities

Date 15.10.2020

व हाइड्रोकार्बन प्रमुख है। सूती वस्त्र की मीलों से निकलने वाले रुई के रेशे, धुआँ, जलावन के अवशेष, नेप्था गैस, गंधक का अम्ल, नाइट्रोजन ऑक्साइड, क्लोरीन, क्लोरीनडाइऑक्साइड आदि पदार्थ वायुमण्डल को दूषित करते हैं।

(5) कृषि कार्य - आधुनिक कृषि पद्धति से भी वायु प्रदूषण होता है। इसका प्रमुख कारण कीटनाशकों का बढता प्रयोग है। किसानों द्वारा फसलों में होनेवाली विभिन्न बिमारियों की रोकथाम के लिए अनेक प्रकार के घातक रसायनों का छिड़काव किया जाता है। विकसित देशों में हेलीकॉप्टर व छोटे विमानों द्वारा विस्तृत कृषि फार्मों पर कीटनाशकों का छिड़काव किया जाता है।

(6) विलायकों द्वारा - कुछ पदार्थों की भौतिक दशा में परिवर्तन होने से भी वायु प्रदूषण होता है। अनेक रसायन ऐसे होते हैं जो अधिकतापमान पर अथवा नमी या वायु के सम्पर्क में आने पर वाष्पित होने लगते हैं तथा वायुमण्डल में फैलकर प्रदूषण का कारण बनते हैं।

(7) विकसित देशों की निर्यात सामग्री - विकासशील देश प्रौद्योगिकी तथा आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न विकसित देशों से अनेक वस्तुओं का आयात करते हैं। अनेक घातक व प्रतिबंधित रसायन विकसित देशों द्वारा गरीब देशों को बेचे जाते हैं। या दान में दिए जाते हैं।